मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 3

MHD–2

हिन्दी में स्नातकोत्तर उपाधि (एम. ए. हिन्दी)

(एम. एच. डी.)

सत्रांत परीक्षा

दिसम्बर, 2023

एम.एच.डी.-2 : आधुनिक हिन्दी काव्य

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : ***प्रथम*** *प्रश्न अनिवार्य है। शेष में से किन्हीं* **चार** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

---

1. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** काव्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 3×12=36

(क) उन्नत रहा होगा कभी जो हो रहा अवनत अभी,
जो हो रहा उन्नत अभी, अवनत रहा होगा कभी।
हँसते प्रथम जो पद्म हैं, तम–पंक में फँसते वही,
मुरझे पड़े रहते कुमुद जो अन्त में हँसते वही।

(ख) विस्तृत नभ का कोई कोना,
मेरा न कभी अपना होना,
परिचय इतना इतिहास यही
उमड़ी कल थी मिट आज चली।

(ग) देर तक टकराए

उस दिन इन आँखों से वे पैर

भूल नहीं पाऊँगा फटी बिवाइयाँ

खूब गई दुधिया निगाहों में

धँस गई कुसुम-कोमल मन में।

(घ) इतने में अंधियारे सूने में कोई चीख गया है

रात का पक्षी

कहता है :

वह चला गया है,

वह नहीं आएगा, आएगा ही नहीं

अब तेरे द्वार पर।

वह निकल गया है गाँव में शहर में

उसको तू खोज अब

उसका तू शोध कर।

(ङ) यह समिधा : ऐसी आग हठीला बिरला सुलगाएगा !

यह अद्वितीय : यह मेरा : यह मैं स्वयं विसर्जित :

यह दीप, अकेला, स्नेह भरा

है गर्व भरा मदमाता, पर इसको भी पंक्ति को दे दो।

2. हिन्दी नवजागरण के विकास में भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के योगदान की चर्चा कीजिए। 16

3. राष्ट्रीय नवजागरण की अभिव्यक्ति मैथिलीशरण गुप्त के काव्य में किस रूप में हुई है ? स्पष्ट कीजिए। 16

4. 'राम की शक्तिपूजा' की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 16

5. जयशंकर प्रसाद की कविताओं में अभिव्यक्त राष्ट्रीय-सांस्कृतिक चेतना की उद्‌घाटित कोजिए। 16

6. मुक्तिबोध की कविता के निहितार्थों को रेखांकित कीजिए। 16

7. अज्ञेय के काव्य-शिल्प की विवेचना कीजिए। 16

8. जनकवि के रूप में नागार्जुन का मूल्यांकन कीजिए। 16

9. एक कवि के रूप में रघुवीर सहाय का महत्व निर्धारित कीजिए। 16